आरोपी गिरफ्तार

टोंक। शराब की रोकथाम के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध शराब परिवहन करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5 वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805,
E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
Office website:- www.rschf.com
क्रमांक :-61/26 दिनांक :-22/06/2026
आम सूचना संघ की आवासीय योजना केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर का फ्लैट संख्या-4/74, श्री चामुण्डाराय सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह को दिनांक 04.04.1996 को आवंटित किया गया था, जिसकी कन्वेंस डीड एवं परप्यूचल लीज जारी कर दिनांक 27.06.2014 को रजिस्ट्री करवा दी गई थी। उक्त फ्लेट को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 25.06.2014 को श्री धर्मेन्द्र शर्मा पुत्र स्व. श्री रामनिवास शर्मा द्वारा क्रय किया गया। श्री धर्मेन्द्र शर्मा से उक्त फ्लेट को दिनांक 03.09.2014 को श्री रमेशचन्द्र पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से क्रय किया गया। अब श्री रमेश चन्द्र के पुत्र श्री अखिलेश चन्द्र द्वारा उनके पिता श्री रमेश चन्द्र एवं माता श्रीमती शकुन्तला के मृत्यु प्रमाण पत्र तथा उनके पक्ष में अनरजिस्टर्ड विल एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर स्वयं के नाम ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त फ्लेट के हस्तांतरण पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा फ्लेट संख्या-4/74, केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर श्री अखिलेश चन्द्र पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी, आवासन संघ लि. जयपुर

न्यायालय तहसीलदार फुलेरा मु. सांभरलेक जिला जयपुर
दुरभाष नम्बर 01425-224219
ई-मेल-tdrsbr@ymail.com
क्रमांकःभू.अ./2026/3456 दिनांकः 19.6.2026
सार्वजनिक सूचना नोटिस
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण नानूराम, मुकेश पि0 रामकुमार जाति कुमावत निवासी स्कूल की ढाणी, काचरोदा तहसील फुलेरा द्वारा ग्राम श्यामनगर की आराजी खसरा नम्बर 686 रकबा 12 बीघा 15 बिस्वा के 1/4 हिस्से के मृतक खातेदार धन्ना पुत्र श्रीराम जाति कुमावत सा0देह का फौती नामान्तरण वसीयत दिनांक 30.06.2014 के आधार पर खुलवाने बावत प्रकरण भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135(2) के तहत हाजा न्यायालय मे विचाराधीन है।
अतः यदि किसी वारिस / दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो आगामी दिनांक 02.07.2026 तक मय दस्तावेज पेश करे अन्यथा इकतरफा कार्यवाही कर निर्णय पारित कर दिया जावेगा।
तहसीलदार (भू.अ.)
फुलेरा मु. सांभर लेक

न्यायालय तहसीलदार फुलेरा मु. सांभरलेक जिला जयपुर
दुरभाष नम्बर 01425-224219
ई-मेल-tdrsbr@ymail.com
क्रमांकःभू.अ./2026/3503 दिनांकः 22.6.2026
सार्वजनिक सूचना नोटिस
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी हनुमान पुत्र कल्याण जाति जाट निवासी नोरंगपुरा तहसील फुलेरा द्वारा ग्राम नोरंगपुरा की आराजी खसरा नंबर 237, 238, 239, 565/482, 566/482 के मृतक खातेदार पन्नालाल पुत्र कल्याण जाति जाट सा0देह का फौती नामान्तरण खुलवाने बाबत् प्रकरण भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 135 (2) के तहत हाजा न्यायालय मे विचाराधीन है।
अतः यदि किसी वारिस / दीगर व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो आगामी दिनांक 09.07.2026 तक मय दस्तावेज पेश करे अन्यथा इकतरफा कार्यवाही कर निर्णय पारित कर दिया जावेगा।
तहसीलदार (भू.अ.)
फुलेरा मु. सांभर लेक

NAME CHANGE

I IC no 37395K Col mahendra Singh bika, Retd. resident of F-10/101 sugan vihar awho sector-1 vidhydhar nagar district jaipur that I want to change name of my spouse from MANJU To MANJU SHEKHAWAT vide affidavit dated 18 june 26 before sub divisional magistrate jaipur city north

I have changed my name from Surendra luthra to surender luthra r/o b-67 anand vihar railways colony jagatpura Jaipur

Due to a typo in the spelling, my name was misspelled as SHIVE instead of SHIV and BALAY instead of BALAI in the Secondary Education Board mark sheet. In future, my name should be read as SHIV NARAYAN BALAI S/O MANOHAR DAS.

खोया पाया

मै मंगलचंद खैरारी पुत्र श्री मालीराम खैरारी। मेरे नाम से पंजीकृत फ्लैट संख्या 40/13 ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक 40 मानसरोवर जयपुर का मूल अलॉटमेंट लेटर दिनांक 11.05.1989 एवं Perpetual Lease And Conveyance Deed का मूल नक्शा कहीं गुम हो गया जिसकी गुणशुदगी की रिपोर्ट LR संख्या 3190965/2026 दिनांक 24.06.2026 को दर्ज करवा दी गई है। खोए हुए दस्तावेज मिलने सूचित करे। मंगल चंद खैरारी, मोः 9971429944

मै पारुल खैरारी पत्नी श्री विनय खैरारी मेरे नाम से पंजीकृत फ्लैट संख्या 40/11 ग्राउंड फ्लोर, ब्लॉक 40, मानसरोवर जयपुर के विक्रय पत्र 10.07.2003 का मूल नक्शा साईट प्लान कहीं गुम हो गया, जिसकी गुणशुदगी की रिपोर्ट LR संख्या 3190993/2026 दिनांक 24.06.2026 को दर्ज करवा दी गई । खोए हुए दस्तावेज मिलने पर संपर्क करे। पारुल खैरारी, मोः 9971429944

मेरे प्लॉट नं. A-3, कृष्णा विहार-A महाराणा प्रताप मार्ग, जयपुर मित्र जी.एन.एस.एस. के ओरिजनल पट्टा, मूल रसीद क्रमांक 18391 (20360/-), मूल साईट प्लॉन दिनांक 11.04.2026 से मेरे निवास के पास कहीं खो गये है। जिसकी FIR LR No. 3187368/2026 पर दर्ज है। मिलने पर सूचित करेंः सुशीला अजमानी 7300342077

पावटा शिविर में विधायक धनखड़ ने लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए

पावटा, (निसं)। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा परिसर में आयोजित शहरी सेवा शिविर में बुधवार को

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध : कुलदीप धनखड़**

विराटनगर विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा आमजन को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हर समय जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर रही है। ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर सरल, पारदर्शी एवं प्रभावी तरीके से उपलब्ध कराया जा रहा है। सीओ कृष्ण गुर्जर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विधायक धनखड़ ने पात्र 35 लाभार्थियों को भूमि पट्टों का वितरण किया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 75 लाभार्थियों को प्रथम किस्त 50-50 हजार रुपये तथा 10 लाभार्थियों को तृतीय किस्त 1-1 लाख रुपये, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 5 लाभार्थियों को प्रथम किस्त 15-15 हजार रुपये के चेक वितरित किए। शिविर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधों का वितरण किया गया तथा नागरिकों को अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया गया। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा ने विधायक को शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विभिन्न योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

विराटनगर विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुलदीप धनखड़ ने शिविर के दौरान सहायता राशि वितरण किया।

विधायक धनखड़ ने शिविर में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार सेवा, सुशासन और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही हैं तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश में हुए व्यापक विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आधारभूत ढांचे, डिजिटल इंडिया, राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भर भारत जैसे क्षेत्रों में भारत ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है। वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान में पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील प्रशासन स्थापित हुआ है। विधायक धनखड़ ने नगरपालिका प्रशासन, अधिशासी अधिकारी तथा शिविर में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक तेजी से पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना जारी

कोटपूतली, (निसं)।अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को लगातार 1294 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। सीमेंट प्लांट के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा दिए गए आदेशों की पालना नहीं होने से समिति ने 25 जून गुरूवार से जिला कलक्टर कार्यालय पर महापड़ाव करने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि एनजीटी के आदेशों की अक्षरशः पालना होने तक महापड़ाव जारी रहेगा।

समिति के सचिव कैलाश यादव ने बताया कि 25 जून को निर्जला एकादशी का व्रत होने के कारण धरने में शामिल ग्रामीण महिलाओं का उपवास रहेगा तथा दोपहर का फलाहार भी महापड़ाव स्थल पर ही किया जायेगा। समिति के संरक्षक प्रभुदयाल गुरुजी ने कहा कि एनजीटी के 03 नवम्बर 2025 को जारी आदेशों में विभिन्न निर्देशों की पालना के लिये 03 माह का समय दिया था, लेकिन 08 माह बीत जाने के बाद भी आदेशों की पूर्ण पालना नहीं हुई है। इससे प्रशासनिक विफलता उजागर हो रही है। उन्होंने बताया कि आबादी से 500 मीटर की परिधि में ब्लास्टिंग नहीं करने संबंधी एनजीटी आदेशों के उल्लंघन को लेकर सहायक खनन अभियंता द्वारा जिला कलक्टर को रिपोर्ट भेजी गई थी। रिपोर्ट में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट द्वारा आदेशों के उल्लंघन का उल्लेख किया गया था। इसके बाद एएमई अमीचंद दुहारिया ने संघर्ष समिति को आश्वस्त किया था कि कंपनी को नोटिस जारी किया जायेगा।

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित

टोंक। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अलीगढ़ में विशेष स्क्रीनिंग एवं जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर अभियान में कुल 1572 लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई, जबकि 100 संदिग्ध व्यक्तियों के हैंड हेल्ड डिजिटल एक्स-रे मशीन से चेस्ट एक्स-रे किए गए। अभियान के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों एवं वल्नरेबल वयस्कों की विशेष स्क्रीनिंग कर संभावित टीबी रोगियों की पहचान की गई। पात्र व्यक्तियों की निक्षय आईडी बनाकर उन्हें समय पर जांच एवं उपचार से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना या रात में पसीना आने जैसे लक्षण हों तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच करवाएं और टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को सफल बनाने में सहयोग करें।

भजन कीर्तन व मानव जीव सेवा करना पुण्य का काम : रामरिछपाल दास जी

शाहपुरा, (निसं)। रावधीर सिंह स्मृति सेवा मंडल शाहपुरा के तत्वाधान में संरक्षक जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में उनके पिताव पूर्व शिक्षा मंत्री रावधीर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में आयोजित हुआ। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि सर्वप्रथम रामरिछपाल दास जी महाराज त्रिवेणी

- **चिकित्सा शिविर में 223 रोगियों की जांच उपरांत दवा वितरित**

धाम के आशीर्वचनों के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें महाराज ने कहा कि आज के युग में अपने स्वजनो के जन्मदिन को तो सभी लोग मानते हैं परंतु उनकी पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन एवं मानव जीव सेवा करना बड़ा ही पुण्य का काम है जो राव राजेंद्र सिंह जी अपने परिवार सहित लगातार करते आ रहे है। उन्होंने

रावधीर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन, श्रद्धा सुमन अर्पण के साथ चिकित्सा शिविर आयोजित हुआ।

उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए जिससे अपने स्वजनों की आत्मा को शांति तो मिलेगी ही साथ में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार प्राप्त होंगे। इस दौरान कल्याण सिंह गुर्जर, काशी प्रसाद शर्मा, रामदयाल मेहरा, मोहन लाल शर्मा सहित भजन कीर्तन मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किए गए।

इस दौरान सभा में उपस्थित सभी लोगों ने रावधीर सिंह जी की फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद योगी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा के चिकित्सकों द्वारा 93 मरीजों व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के चिकित्सक टीम द्वारा 95 मरीजों तथा शंकर हॉस्पिटल एंड फिजियोथैरिपी सेंटर शाहपुरा द्वारा 27 मरीजों की जांच करते हुए दवा वितरित कर उपचार किया।

कार्यालय नगर परिषद, दौसा (राज.)
लालसोट रोड दौसा :- 303303
क्रमांक : न.प.दौ./श.से.शि.भू.रू.शा/2026-27/2545 दिनांक-23/06/26
सार्वजनिक आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग के पत्र क्रमांक 3661 दिनांक 10.06.2026 के बिन्दु संख्या 8 शहरी सेवा शिविर 2026 के अनुसार ऑनलाईन पत्रावलीयों की व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि पट्टों हेतु आवेदन किया है। जिसकी सार्वजनिक आपत्ति सूचना जारी कि जा रही है जो निम्नानुसार है-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	राजस्व ग्राम	खसरा नं.	क्षेत्रफल वर्गगज	प्रयोजन
1	श्री रमेश चन्द्र मीना पुत्र श्री रामधन मीना निवासी शिव विहार कॉलोनी, दौसा	दौसा कलां	3143,3169, 3170	290.00	आवासीय
2	श्री अभिजित प्रधान पुत्र श्री राजेन्द्र शर्मा निवासी अशोक नगर, पी.जी. कॉलेज के सामने दौसा	दौसा खुर्द	1490,1491	22.22	व्यवसायिक
3	श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री बृजमोहन शर्मा निवासी कपिल विहार, आगरा रोड़, दौसा	चक दौसा	05	111.11	आवासीय / व्यवसायिक
4	श्री कन्हैयालाल मीना पुत्र श्री भोमाराम मीना निवासी तिरूपती नगर, दौसा	दौसा कलां	2003,2004, 2005,2006	186.66	आवासीय
5	श्री लक्ष्मी देवी पुत्र श्री रामधन महावर निवासी डोरिया कॉलोनी, दौसा	गणेशपुरा	2,3,8,9	300.00	आवासीय
6	श्री सविता देवी पत्नी श्री मक्खन लाल शर्मा निवासी खेड़ली दौसा	खेड़ली	59	147.00	आवासीय
7	श्री रमेश चन्द्र मीना पुत्र श्री कैन्हयालाल मीना निवासी जोशी कॉलोनी, दौसा	दौसा कलां	2838	228.33	आवासीय
8	श्री धारासिंह बैरवा पुत्र श्री रामगोपाल बैरवा निवासी पायलेट नगर, दौसा	बिचलवास	333, 334	70.43	आवासीय
9	श्री तुलता देवी पत्नी श्री रामभरोसी बैरवा निवासी डोरिया कॉलोनी, दौसा	गणेशपुरा	17	150.00	आवासीय
10	श्रीमती पूजा सैन पुत्र श्री जगदीश प्रसाद सैन निवासी गोविन्द नगर, दौसा	खेड़ली	63	84.00	आवासीय
11	श्री प्रहलाद नारायण शर्मा पुत्र श्री कल्याण सहाय शर्मा निवासी प्रगति विहार, दौसा	बिचलवास	76	172.00	आवासीय
12	श्री गोपी राम बैरवा पुत्र बुद्धा राम बैरवा निवासी डोरिया कॉलोनी, दौसा	गणेशपुरा	2,3,8,9	200.00	आवासीय
13	श्री भयराम सिंह गुर्जर पुत्र श्री कल्याण सहाय गुर्जर निवासी गायत्री नगर, दौसा	दौसा खुर्द	600	210.11	आवासीय
14	श्री केसरी नन्दन सैनी पुत्र श्री चिरजीलाल सैनी निवासी गायत्री नगर, दौसा	दौसा कलां	1799,1800	138.08	आवासीय
15	श्री रामराज लखेरा पुत्र श्री रेवड मल लखेरा निवासी कमलेश्वर कॉलोनी, दौसा	दौसा खुर्द	1065	161.75	आवासीय
16	श्री केसरी नन्नदन सैनी पुत्र श्री चिरजीलाल सैनी निवासी गायत्री नगर दौसा	दौसा कलां	1799, 1800	138.00	आवासीय

अतः उपरोक्त सूची के सम्बन्ध में किसी भी आम खास को कोई भी उज्ज या आपत्ति हो तो 07 दिवस के अन्दर-अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ताको मय दस्तावेजो के लिखित में प्रस्तुत करे। बाद मियाद आपत्ति पेश नहीं होने की सूरत में आवेदक को पट्टा जारी कर दिया जायेगा। उक्त सूचना आज दिनांक को जारी की गई।
आयुक्त
नगर परिषद दौसा

प्रेम, सौहार्द्र और भाईचारे की मिसाल बनें पर्व एवं त्यौहार : भारती गुप्ता

भरतपुर, (निस)। आगामी मोहर्रम एवं ताजिया पर्व के अवसर पर जिले में शांति, सौहार्द्र एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बुधवार को थाना मथुरागेट परिसर में आयोजित की गई। बैठक में ताजिया लाइसेंस धारकों, आयोजकों एवं शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता एवं आईपीएस सीओ सिटी आशिमा वासवानी ने की।

- **शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पर जोर**

बैठक को संबोधित करते हुए उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता ने कहा कि भरतपुर सदैव से प्रेम, भाईचारे और सामाजिक सौहार्द्र की मिसाल रहा है। सभी पर्व एवं त्यौहार आपसी सद्भाव, शांति और सहयोग की भावना के साथ मनाए जाएं, जिससे जिले की गौरवशाली परंपरा और अधिक मजबूत हो। उन्होंने आयोजकों एवं शांति समिति के सदस्यों से अपील की कि वे आयोजनों पर सतत निगरानी रखें तथा निष्पक्ष एवं जिम्मेदार भूमिका निभाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि ताजिया जुलूस एवं शोभायात्राओं के निर्धारित मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाए तथा जहां कहीं भी बिजली के तार ढीले या अव्यवस्थित हों, उन्हें संबंधित विभाग के माध्यम से समय रहते ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों में ऐसी ऊंची संरचनाओं या वस्तुओं का उपयोग नहीं किया जाए जिनसे किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका हो। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना लाइसेंस कोई भी ताजिया नहीं निकाला जाएगा ।

आईपीएस सीओ सिटी आशिमा वासवानी ने कहा कि सभी समिति सदस्य पुलिस प्रशासन का सहयोग करें तथा भरतपुर की अमन, शांति और गंगा-जमुनी तहजीब की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए मोहर्रम पर्व का सौहार्दपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक एवं माकूल इंतजाम किए जाएंगे। किसी भी प्रकार की अशांति फैलाने या उपद्रव करने वाले असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने आयोजकों से निर्धारित समय एवं स्वीकृत मार्ग का पूर्ण पालन करने की अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी स्थान पर कोई संदिग्ध गतिविधि या अवांछित स्थिति दिखाई दे तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को दी जाए, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों एवं आयोजकों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि मोहर्रम एवं ताजिया कार्यक्रम पूर्ण शांति, अनुशासन और कानून व्यवस्था के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे। सभी समुदायों के सहयोग से भरतपुर की कौमी एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता की परंपरा को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। बैठक में तहसीलदार शहर अजय पारीक, मथुरागेट थाना प्रभारी हरलाल, कोतवाली थाना प्रभारी रामनिवास, अटलबंद थाना प्रभारी हेमेंद्र, वाहिद खान, नदीम, शरीफ शाह सहित जिला शांति समिति के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5 वी व 6ठी मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805,
E-mail: rschfjaipur@yahoo.com
Office website:- www.rschf.com
क्रमांक :-62/26 दिनांक :-22/06/2026
आम सूचना संघ की आवासीय योजना केसरीचन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर की दुकान संख्या-16, संघ द्वारा श्री गुरूचरण सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह बैदी को मय छत आवंटित की गई थी, जिसे श्रीमती शकुन्तला पत्नि श्री रमेशचन्द्र द्वारा क्रय किये जाने पर उक्त दुकान को श्रीमती शकुन्तला के नाम दिनांक 31.03.1999 को ट्रांसफर कर विक्रय पत्र रजिस्टर्ड करवा दिया गया था। श्री अखिलेश चन्द्र द्वारा अपने माता-पिता श्रीमती शकुन्तला एवं श्री रमेशचन्द्र के मृत्यु प्रमाण पत्र एवं अनरजिस्टर्ड विल एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त दुकान मय छत उनके नाम ट्रांसफर कराने हेतु आवेदन किया गया है। जिस किसी को उक्त दुकान (छत सहित) पर आपत्ति हो तो संघ कार्यालय में 15 दिवस में प्रमाण सहित प्रस्तुत करें, अन्यथा दुकान संख्या-16 (छत सहित), केसरी चन्द चौधरी नगर, अजमेर रोड, जयपुर को श्री अखिलेश चन्द्र पुत्र श्री रमेश चन्द्र के नाम हस्तांतरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक
राजस्थान राज्य सहकारी, आवासन संघ लि. जयपुर

भिवाड़ी के शहरी सेवा शिविर में दीपचंद को व्हीलचेयर मिली

खैरथल/भिवाड़ी, (निसं)। सरकार का नारा योजनाएं आपके द्वार भिवाड़ी के शहरी सेवा शिविर-2026 में सच होता दिखा। लंबे समय से चलने-फिरने को मोहताज विशेष योग्यजन दीपचंद को जब जिला प्रभारी सचिव पूनम और कलेक्टर अतुल प्रकाश की मौजूदगी में व्हीलचेयर मिली तो उसका मुरझाया चेहरा मुस्कान से खिल उठा। दीपचंद के लिए यह शिविर राहत और नई उम्मीद लेकर आया।

नगर परिषद भिवाड़ी में लगे शहरी सेवा शिविर में उस वक्त भावुक पल देखने को मिला जब संयुक्त सहायता योजना के तहत विशेष योग्यजन दीपचंद पुत्र भोलूराम को व्हीलचेयर सौंपी गई।

व्हीलचेयर मिलते ही दीपचंद की आंखों में चमक आ गई और चेहरा खुशी से खिल उठा। दैनिक आवागमन में रोजाना जूझ रहे दीपचंद ने कहा आवेदन करने के बाद बहुत कम समय में ही व्हीलचेयर मिल गई। इससे साफ संदेश जाता है कि जब नीयत साफ हो तो एक छोटी सी मदद भी किसी की पूरी जिंदगी बदल सकती है।

दीपचंद ने व्हीलचेयर मिलने पर कहा अब मेरी दिनचर्या पहले से सुगम हो सकेगी। उसने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि ऐसे शिविर जरूरतमंद लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहे हैं। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने कहा कि शहरी सेवा शिविर का उद्देश्य केवल आवेदन लेना नहीं हैं।

जिला कलेक्टर अतुल प्रकाश ने भिवाड़ी शहरी शिविर में दीपचंद को व्हीलचेयर प्रदान की।

कार्यालय, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)
नवोदय स्कुल के पास पावटा-303106, राज.
Email.Id: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com
क्रमांक : न.पा.पाव.प्रा./ 2026-27 / भूमि /920 दिनांक-24.06.2026
आपत्ती आमंत्रण सूचना
निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 69-क/स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपती हो तो 07 कार्य दिवस में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्रं. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्गमीटर)	प्रयोजनार्थ
1	श्रीमती सुमन देवी पत्नि श्री कैलाश चन्द गुर्जर	1779	पावटा	173.06	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा

Tel. No.-01493 294977, E-mail ID-bhiwadi.nagarpalika@gmail.com
कार्यालय नगर परिषद भिवाडी (खैरथल-तिजारा) राज.
क्रमांकः- न.प.भि / 2026-27/3930 **आपत्ति सूचना** दिनांकः- 22-06.26
सवसाधारण को सूचित किया जाता है कि "प्रशासन शहरो के संग अभियान-2021" के अन्तर्गत श्री तोफाराम पुत्र श्री किशनलाल ग्राम मिलकपुर गुर्जर, भिवाडी, क्षेत्रफल 118.09 वर्ग गर्ज का 69क पट्टा-विलेख (फ्री होल्ड) जारी किया गया था। जिसका क्रमांक 82 दिनांक 14.02.2021 है। प्रार्थी श्री धर्मवीर पुत्र श्री तोफाराम ने उक्त पट्टे का नामांतरण करवाने के लिए "शहरी सेवा शिविर 2026" के अन्तर्गत आवेदन इस कार्यालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में किसी को भी कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। मयाद निकलने के बाद कोई भी आपत्ति मान्य होगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम	स्थान	क्षेत्रफल	पडोसी का विवरण
01	श्री धर्मवीर पुत्र श्री तोफाराम	मिलकपुर गुर्जर, भिवाडी	118.09 वर्गगज	उत्तर + रास्ता पूर्व + श्री अमर सिंह का मकान दक्षिण + रास्ता पश्चम + श्री प्रभाती का मकान

(मुकेश कुमार) आयुक्त नगर परिषद भिवाडी

कार्यालय, नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड़)
नवोदय स्कुल के पारा पावटा-303106, राज.
Email Id: Nagarpalikapaotapragpura@gmail.com
क्रमांक-न.पा.गाव.जा./2020-27/भूमि/923 दिनांक-24.06.2026
आपत्ती आमंत्रण सूचना
निम्न आवेदक ने नगरपालिका कार्यालय में 60-क/स्टेट ग्रांट / कृषि भूमि नियमन पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है, उक्त पत्रावली में किसी को कोई आपत्ती हो तो 07 कार्य दिवरा में नगरपालिका कार्यालय में आपत्ती प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा संख्या	राजस्व ग्राम	क्षेत्रफल (वर्ग मीटर)	प्रयोजनार्थ
1	श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री श्योपाल जाट	2660/531	पावटा	168.28	आवासीय
2	श्री सतीश कुमार जांगिड पुत्र श्री पूरणमल जांगिड	037/2353	पावटा	37.17	वाणिज्य
3	श्रीमती मीना कंवर पत्नि श्री कान सिंह	1057	पावटा	125.46	आवासीय
4	श्री रोहिताश कुमार चौधरी पुत्र श्री रघुनाथ प्रसाद चौधरी	2074	पावटा	111.51	आवासीय
5	श्रीमती सावित्रि देवी पत्नि श्री कालूराम जाट	2002/2	पावटा	130.40	आवासीय
6	श्रीमती मीरा कंवर परिन श्री हिम्मत सिंह शेखावत	2002/2	पावटा	139.40	आवासीय
7	श्रीगती आशा कंवर पत्नि श्री धर्मपाल	2002/2	पावटा	139.40	आवासीय
8	श्री कालूराम जाट पुत्र श्री बालूराम जाट	2000/1	पावटा	167.93	आवासीय
9	श्री केवल कुगार योगी पुत्र श्री शिम्भू दयाल योगी	2009/703	भांकरी	147.18	आवासीय
10	श्री अशोक कुमार सैनी पुत्र श्री रूडमल रौनी	2247/2791, 2247/2792	पावटा	305.75	मिश्रित
11	श्रीमती पुष्पा देवी पत्नि श्री पूरणमल मीणा	1770	पावटा	247.35	आवासीय
12	श्री शंकर लाल पुत्र श्री होलाराम	2200/400	प्रागपुरा	232.25	आवसीय
13	श्रीमती परेमेशवरी देवी पत्नि श्री जगमाल वर्मा	2200/400	प्रागपुरा	139.34	आवसीय
14	श्री प्रियवत पुरोहित पुत्र श्री दिनेश कुमार पुरोहित	479	पावटा	125.46	आवसीय
15	श्रीमती लाली देवी पत्नि श्री रोहिताश धानका	2051/2251	पावटा	43,85	आवसीय
16	श्री स्वंय खंडेलवाल पुत्र श्री गहेश कुमार खंडेलवाल	3108/478	पावटा	85.82	आवसीय
17	श्री नत्थूराम लखेरा पुत्र श्री सूरजमल लेखेरा	1779	पावटा	11.71	मिश्रित
18	श्री महेश जांगिड पुत्र श्री मातादीन जांगिड	1779	पावटा	18.95	आवासीय
19	श्री रोहिताश कुमार चौधरी पुत्र श्री भगवान राहाय	986/2	पावटा	110.00	आवासीय
20	श्रीमती टीना देवी पत्नि श्री सत्यनारायण सैन	1779	पावटा	101.72	आवासीय
21	श्री प्रहलाद सहाय पुत्र श्री सुगनचन्द	1779	पावटा	102.89	आवासीय
22	श्री सुरेन्द्र कुमार जाट पुत्र श्री जगमाल जाट	1951/1	पावटा	15.00	व्यावसायिक
23	श्रीमती इन्दुबाला पारीक पत्नि श्री मोहित कुमार पारीक	239	ल्लाना	119.30	आवासीय
24	श्री डालूराम यादव पुत्र श्री ग्यारसा राम यादव	1901	शिवनगर	111.50	आवासीय
25	श्री शंकर लाल पुत्र श्री होलाराम	2200/400	प्रागपुरा	232.25	आवासीय
26	श्री इन्द्राज कुम्हार पुत्र श्री भगवान सहाय	3012/1140 3016/1141	पावटा	143.07	आवासीय
27	श्री राकेश चौधरी पुत्र श्री गौरी शंकर जाट	2074	पावटा	130,06	आवासीय
28	श्रीमती प्रियंका जाट पत्नि श्री महेन्द्र कुमार जाट	2074	पावटा	2013.04	आवासीय
29	श्री बृज मोहन मीणा पुत्र श्री सुन्दर लाल मीणा	2018/2710	पावटा	124.60	आवासीय
30	श्री प्रहलाद कुम्हार पुत्र श्री सुगन चन्द कुम्हार	1779	पावटा	86.05	आवासीय
31	श्रीमती रेखा देवी पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार	2252	पावटा	83.45	आवासीय
32	श्रीमती मंजू देवी पत्नि श्री थावर	2252	पावटा	83.45	आवासीय
33	श्रीमती सविता देवी पत्नि श्री ओमप्रकाश	2252	पावटा	83.45	आवासीय
34	श्री पुरूषोतम भारद्वाज पुत्र श्री कबुल चन्द शर्मा	1764	पावटा	135.49	आवासीय
35	श्री राकेश कुमार यादव पुत्र श्री जयराम यादव, श्रीमती पपीता देवी पत्नि श्री महेन्द्र कुमार यादव	1927	पावटा	123.36	आवासीय
36	श्रीमती संगीता चौधरी पत्नि श्री सुरेश चन्द जाट	2418/1118	पावटा	134.00	आवासीय
37	श्रीमती बरजी देवी पत्नि श्री बाबू लाल जाट	1047	पावटा	227.73	आवासीय
38	श्री महेश चौधरी पुत्र श्री जीवाराम चौधरी	1047	पावटा	554.66	आवासीय
39	श्री गिरधारी लाल, प्रहलाद जाट पुत्रान श्री फूलचन्द जाट	1047	पावटा	474.22	आवासीय
40	श्रीमती संतोष देवी पत्नि श्री राजेन्द्र जाट	1047	पावटा	336.02	आवासीय
41	श्री पूरणमल जाट पुत्र श्री जीवाराम जाट, श्री महेश चौधरी पुत्र श्री जीवाराम जाट	1047	पावटा	227.73	आवासीय

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा